प्रबोध परीक्षा के लिए सहायक साहित्य

HELP LITERAUTRE FOR PRABODH EXAM

दक्षिण रेलवे

SOUTHERN RAILWAY

मदुरै मंडल

MADURAI DIVISION

प्रबोध परीक्षा के लिए सहायक साहित्य

HELP LITERAUTRE OF PRABODH EXAM

सितंबर September 2020

राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित

Published by Rajbhasha Vibhag

संदेश

मदुरै मंडल प्रतिवर्ष कर्मचारियों के हितार्थ सहायक साहित्य प्रकाशित करता आ रहा है। **प्रबोध** प्रथम परीक्षा है। किसी भी कार्य के प्रारंभ में ही देरी है। इसलिए हिंदी पढ़ने के प्रारंभ करनेवालों के सहायतार्थ **प्रबोध - सहायक साहित्य** प्रकाशित किया जा रहा है। प्रश्न-पत्र के आधार पर तैयार किया गया यह सहायक साहित्य अत्यंत उपयोगी होगा, इसमें दो मत नहीं है। आशा है कि अन्य सहायक साहित्य की तरह ही इसका भी भर-पूर उपयोग कर्मचारी करेंगे।

(वी.आर.लेनिन)
मंडल रेल प्रबंधक/मदुरै

संदेश

सहायक साहित्य मार्गदर्शिका जैसा है। पथप्रदर्शक ही नहीं सह-यात्री जैसा है। अपने-अपने अंतिम लक्ष्य तक पहुँचाता है। अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी के रूप में कार्यग्रहण के बाद इस एक डेढ़ वर्ष में यह पांचवाँ सहायक साहित्य है। प्रत्येक सहायक साहित्य अपने आप में विशिष्ट है। प्रबोध, प्रवीण एवं प्राज्ञ परीक्षाओं का स्वरूप बदल गया है। प्रबोध पहली परीक्षा है। इसलिए हमने सोचा कि पहले **प्रबोध** के लिए सहायक साहित्य निकालकर कर्मचारियों को प्रोत्साहित करें। शीघ्र ही प्रवीण एवं प्राज्ञ के लिए भी सहायक साहित्य निकालने का निर्णय लिया गया है।

हिंदी विभाग का सतत प्रयत्न सदा सराहनीय रहा। मदुरै मंडल के कर्मचारियों की प्रत्येक आवश्यकता एवं सहायता का ध्यान हिंदी विभाग रखता है। हिंदी विभाग, मदुरै को इस अवसर पर साधुवाद देता हूँ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि कर्मचारी अन्य सहायक साहित्य जैसे ही इसका भरपूर उपयोग करेंगे। कर्मचारियों के लिए खुशी की बात यह भी है कि इस पीडीएफ एवं परिवर्तनीय फार्म में हमारे वेब-साइट में भी अपलोड किया गया है।

सभी कर्मचारी अपना कर्तव्य निभाकर हिंदी सीख लें और देश की प्रगति में योगदान करें।



(ललित कुमार मनुसुखानी)
अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

संकलन-कर्तासंदेश

प्रत्येक वर्ष एक-न-एक सहायक साहित्य मदुरै विभाग प्रकाश करता आ रहा है। पिछला सहायक साहित्य वैकल्पिक प्रश्न संकलन की प्रतिक्रिया अप्रत्याशित रही। उसकी मांग दिन-ब-दिन बढ़ती गयी। उसे मदुरै मंडल के वेबसाइट के अलावा दक्षिण रेलवे के इंटरनेट वेबसाइट में अपलोड किया गया था।

इस कोरोना की स्थिति में सभी ऑन-लाइन क्लॉस हो गया है। इसलिए पहले प्रारंभिक परीक्षा प्रबोध के लिए अब सहायक साहित्य प्रकाशित किया जा रहा है। शीघ्र ही प्रवीण एवं प्राज्ञ के लिए भी प्रकाशित किया जाएगा। ताकि हिंदी सीखनेवालों के लिए उपयोगी हो । आशा है कि इस प्रकार के सहायक साहित्य के कारण सभी कर्मचारी बिना हिचक के हिंदी सीखने के लिए आगे आयेंगे। हिंदी में काम करेंगे।

(श्रीनिवासन.ए)
राजभाषा अधिकारी/मदुरै

DEVANAGARI स्क्रिप्ट/लिपि में लिखिए

Agreement एग्रीमेट	Bill बिल	Sanction सैंक्शन
Join ज्वाइन	Meeting मीटिंग	Public पब्लिक
Asia एशिया	Bouncer बाउन्सर	Statement स्टेटमेन्ट
Judgment जजमेन्ट	Medium मीडियम	Tour टूर
Advance अड्वान्स	Bonus बोनस	Training ट्राइनिंग
Justice जस्टीस	Model मॉडल	Television टेलीविजन
Authority अथारिटी	Computer कम्प्यूटर	Taxi टैक्सी
Lift लिफ्ट	Maximum मैक्सिमम	Work वर्क
Allotment अलॉटमेंट	Canteen कैन्टीन	Correspondence करेस्पान्डेन्स
Light लाइट	Museum म्यूज़ियम	Van वैन
Annual एनुअल	College कालेज	Case केस
Level लेवल	National नेशनल	Cooler कूलर
Bank बैंक	Commentary कमेन्ट्री	Transfer ट्रांसफर
Labour लेबर	Noting नोटिंग	Clerk क्लर्क
Balance बैलेंस	Cyber City साईबर सिटी	Lien लियन

Human ह्यूमन	Budget बजट	Universal यूनिवर्सल
Receipt रिसिप्ट	Uniform यूनिफार्म	Advance एडवान्स
Height हाइट	Commission कमीशन	Typing टाइपिंग
Reservation रिज़र्वेशन	Official अफिशयल	Agree एग्री
Ice cream आईस क्रीम	Drawing Room ड्राइंग रूम	Teaching टीचिंग
Railway रेलवे	Special स्पेशल	Administration अड्मिनिस्ट्रेशन
Increment इन्कीमेन्ट	Vitamin विटामिन	Tax टैक्स
Station स्टेशन	X-Mas एक्समस	Godown गोडाउन
Information इन्फर्मेशन	University यूनिवर्सिटी	Guest House गेस्ट हाउस
Screen स्क्रीन	Board बोर्ड	Film फ़िल्म
Income Tax इन्कम टैक्स	Union यूनियन	Quarter क्वार्टर
Shooting शूटिंग	Border बार्डर	Festival फेस्टिवल
Speech स्पीच	Technology टेक्नोलजी	Quotation क्वोटेशन
X-Ray एक्सरे	Assistant असिस्टेन्ट	File फ़ाइल
Staff स्टाफ़		Query क्वेरी

Practical प्रैक्टिकल Director डाइरेक्टर Pragramme प्रोग्राम Duty ड्यूटी Posting पोस्टिंग Deputation डेपुटेशन Property प्रापर्टी Travel ट्रैवल	Flats फ्लैट Recover रिकवर Government गवर्नमेन्ट Region रीजन Gurantee गारन्टी Register रजिस्टर Glucose ग्लूकोस Revenue रेवेन्यू Fridge फ्रिज	Engineer इंजीनियर Pay Fixation पे फ़िक्सेशन Earned Leave एर्न्ड लीव Permission पर्मिशन Environment इन्वारैन्मैन्ट Problem प्रॉब्लम Furniture फर्नीचर Picnic पिक्निक Pavilion पैविलियन

समानार्थक शब्द और वाक्यों में उपयोग

SYNONYMS and USE IN HINDI SENTENCES

1. रोज़,प्रतिदिन,रोज़ाना
   Daily
   मैं रोज़ / प्रतिदिन हिंदी पढ़ता हूं।

2. बेटी - पुत्री
   Daughter
   मेरी बेटी / पुत्री सुंदर है।

3. बेटा - पुत्र
   Son
   मेरा बेटा / पुत्र सुंदर है।

स्कूल - पाठशाला / विद्यालय
School
यह स्कूल है।

4. इजाज़त - अनुमति
   Permission
   मुझे इजाज़त / अनुमति दीजिए।

5. धन्यवाद - शुक्रिया
   Thanks
   बहुत-बहुत धन्यवाद।

6. चित्र - तस्वीर
Painting
चित्र / तस्वीर सुंदर है।

7. भोजन करना - खाना खाना
Eat
आप भोजन कीजिए / खाना खाइए।

8. कीमत - दाम / मूल्य
Price
आप कीमत/ दाम बताइए।

9. ग्राहक - खरीददार
Customer
यहाँ ग्राहक / खरीददार नहीं आते।

10. साल - वर्ष
Year
साल / वर्ष में बारह महीने हैं।

11. मगर - लेकिन,पर
But
वह पढ़ता है मगर / लेकिन पास नहीं होता।

12. ठंड़ - सर्दी
Cold
यहॉ ठंड / सर्दी अधिक है।

13. मित्र - दोस्त
Friend
मेरा दोस्त / मित्र अच्छा है।

14. इंतज़ाम - प्रबंध / व्यवस्था
Arrangement
बैठक के लिए प्रबंध / व्यवस्था करें।

15. बारिश - वर्षा / बरसात
Rain
बारिश / वर्षा का मौसम है।

16. आकाश - आसमान
Sky
आकाश / आसमान में बादल है।

17. ज़रूरत - आवश्यकता
Necessity
यहॉं पानी की आवश्यकता / ज़रूरत है।

18. दृश्य - नज़ारा
Scenery
वह दृश्य / नज़ारा सुंदर है।

19. असमर्थ - लाचार, अशक्य
Unable
मैं वहॉं जाने में असमर्थ / लाचार हूं।

20. उत्साह - जोश
Enthusiasm
उत्साह / जोश से काम करो।

21. ध्वज - झंडा
Flag
हमारा ध्वज तिरंगा है।

22. सुबह - सबेरे
Morning
सुबह / सबेरे से बुखार है।

23. रविवार - इतवार
Sunday
आज रविवार / इतवार है।

24. विद्यार्थी - छात्र
Student
मैं विद्यार्थी / छात्र हूं।

25. तय करना - निश्चित करना
Fix
शादी की तारीख तय / निश्चित करें।

26. यानी - अर्थात
That is
आज यानी / अर्थात दिनांक 18.8.08 को मैं वहॉ गया।

27. स्वास्थ्य - तंदुरुस्ती
Health
मेरा स्वास्थ्य / मेरी तंदुरुस्ती ठीक है।

28. क्षमा - माफ़
Forgive
मुझे माफ़ / क्षमा करें।

29. खुशी से - प्रसन्नता से
Happily
त्यौहार खुशी / प्रसन्नता से मनाएँ।

30. यूनिवर्सिटी - विश्वविद्यालय
University
वह यूनिवर्सिटी / विश्वविद्यालय में पढ़ता है।

31. शादी - विवाह
Marriage
शादी / विवाह की तारीख निश्चित करें।

32. नाच - नृत्य
Dance
मोर नाचता है/ मोर नृत्य करता है।

33. सड़क - मार्ग, रास्ता
Street
सड़क / मार्ग साफ़ है।

34. लौटना - वापस आना
Return
घर लौट / वापस आइए।

35. दर्शनीय - देखनेलायक
Worth seeing
दिल्ली दर्शनीय / देखनेलायक शहर है।

36. रुकना - ठहरना
stay, Stop
रुको/ ठहरो, मत जाओ।

37. दिक्कत - कठिनाई
Problem
आपको क्या दिक्कत / कठिनाई है।

38. सप्ताह - हफ़ता
Week
सप्ताह / हफते में सात दिन है।

39. सुंदर - खूबसूरत
Beautiful
वह सुंदर / खूबसूरत है।

40. तट - किनारा
Bank, Shore
चेन्नै में समुद्र का किनारा / तट है।

41. आनंद - खुशी
Happiness
मुझे आनंद हुआ / खुशी हुई।

42. अक्सर - प्राय:
Mostly
वह अक्सर / प्राय: ताश खेलता है।

43. समुद्र - सागर
Sea
चेन्नै में समुद्र / सागर का तट है।

44. अंदर - भीतर
Inside
अंदर / भीतर जाइए।

45. वजह - कारण
Reason
छुट्टी का कारण / की वजह क्या है।

46. प्रदर्शनी - नुमाइश
Exhibition
दिल्ली में प्रदर्शनी / नुमाइश लगी है।

47. कोशिश - प्रयत्न
Effort,Try
कोशिश करो , फल पाओ।

48. बादशाह - राजा
Emperor
अकबर भारत के बादशाह / राजा थे।

49. सवाल - प्रश्न
Question
प्रश्न का उत्तर दें।

50. मौज़ूद - उपस्थित
Present
मैं यहाँ मौज़ूद / उपस्थित हूं।

51. जवाब - उत्तर
Reply
सवाल का जवाब दो।

52. गुल - फूल , सुमन, पुष्प
Flower
फूल / पुष्प सुंदर है।

53. हैरान - आश्चर्य
Surprised
आप हैरान क्यों है। आश्चर्य क्यों करते हैं।

54. आवाज़ - स्वर
Voice, Sound
उसकी आवाज़ / आपका स्वर अच्छा है।

55. ज़बान - जीभ, जिहवा
Tongue
ज़बान संभालकर बात कीजिए।

56. मेहमान - अथिति
Guest
मैं यहाँ अथिति हूं।

57. रिश्तेदार - संबंधी
Relative
वह मेरा रिश्तेदार / संबंधी है।

58. आदमी - पुरुष
Man
वह आदमी / पुरुष अच्छा है।

59. आखिरी - अंतिम
Final
आखरी / अंतिम जवाब ठीक है।

60. बाकी - शेष
Balance
बाकी / शेष काम पूरा करो।

61. भाग्य - किस्मत
Fate
भाग्य अच्छा है / किस्मत अच्छी है।

62. आतिथ्य - मेहमानबाजी
Hospitality
आथित्य / मेहमानबाजी के लिए धन्यवाद।

63. निमंत्रण - बुलावा
Invitation
निमंत्रण / बुलावा आ गया।

64. समृद्धि - खुशहाली
Prosperity
जीवन में समृद्धि आवश्यक है।

65. खुद - स्वयं
Self
स्वयं / खुद जाकर देखो।

66. दफ़्तर - कार्यालय
Office
दफ़्तर / कार्यालय जाइए।

67. आचरण - व्यवहार
Behaviour
उसका आचरण / व्यवहार ठीक नहीं है।

68. प्रयास - प्रयत्न
Effort, Try
प्रयास / प्रयत्न करें।

69. तारीफ़ - प्रशंसा
Praise
तारीफ़ / प्रशंसा करना सीखें।

70. स्वस्थ - तंदुरुस्त
Healthy
मैं स्वस्थ / तंदुरुस्त हूँ।

71. खबर - समाचार
News
खास खबर / समाचार सुनो।

72. फ़ासला - दूरी
Distance
यह फ़ासला / दूरी अधिक है।

73. दवाखाना - चिकित्सालय
Dispensary
यहॉं दवाखाना / चिकित्सालय कहॉंहै

विलोम शब्द

ANTONYMS & USE IN HINDI SENTENCES

1. कभी - कभी * रोज़
   Sometimes
   मैं रोज़ / कभी कभी पढ़ता हूं।

2. दिन * रात
   Day * Night
   आज का दिन / की रात अच्छा है।

3. सुबह * शाम
   Morning * Evening
   वह सुबह / शाम खेलता है।

4. इधर * उधर
   Here * There
   इधर उधर न जाओ।

5. देना * लेना
   Give * Take
   पैसे दो / लो।

6. छोटा * बड़ा
   Small * Big
   यह घर छोटा / बड़ा है।

7. अपना * पराया
   Self * Others
   पराया दुख अपना दुख है।

8. लीजिए * दीजिए
Take * Give
किताब लीजिए / दीजिए।

9. महंगा * सस्ता
Costly * Cheap
यह कपड़ा महॅगा / सस्ता है।

10. अच्छा * बुरा
Good * Bad
राम अच्छा / बुरा लड़का है।

11. बढ़िया * घटिया
Excellent * Bad
यह ब़ढिया / घटिया काम है।

12. गर्मी * सर्दी
Summer * Winter
यहां सदी / गर्मी है।

13. ठीक * गलत
Correct * Wrong
यह काम ठीक / गलत है।

14. हल्का * भारी
Light * Heavy
यह चीज़ भारी / हल्की है।

15. शुरु करना * खत्म करना
Start * Finish
काम शुरु / खत्म करो।

16. पक्का * कच्चा
Riped * Unriped
आम कच्चा / पक्का है।

17. तकलीफ़ * आराम
Difficulty * Relax
आपको क्या तकलीफ़ है।मुझे आराम करने दो।

18. तेज़ * धीरे, मंद
Speed * Slow
गाड़ी तेज़ / धीरे चलती है।

19. पास * दूर
Near * Far
घर यहाँ से पास / दूर है।

20. चैन *बेचेन
Relaxed * Restless
चैन से सोओ / मैं बेचैन हूं।

21. सरकारी *गैर सरकारी
Official * Non-official
यह सरकारी / गैर सरकार कंपनी है।

22. ताज़ी * बासी
Fresh * stale
सब्जी ताज़ी / बास़ी है।

23. समर्थ * असमर्थ
Able * Unable
मैं यह काम करने मे समर्थ / असमर्थ हूं।

24. आवश्ययक * अनावश्यक

Necessary * Unnecessary

आवश्यक काम करो / अनावश्यक काम न करो।

25. ज़रूरी * गैर ज़रूरी

Necessary * Unnecessary

यह ज़रूरी / गैर ज़रूरी काम है।

26. आकाश * पाताल

Sky * Hell

आकाश उपर है / पाताल नीचे है।

27. लघु * विशाल, दीर्घ

Small * Long

इस अक्षर मे लघू / दीर्घ की मात्रा लगनी है।

28. प्रारंभ * अंत

Start * End

काम प्रांरभ हो गया / अंत में क्या हुआ।

29. उत्साहित * हतोत्साहित

Encouraged * Discouraged

सभी को उत्साहित करें / किसी को हतोत्साहित न करें।

30. पहुंचना * निकलना

Reach * Set Out

मैं घर पहुंचा / घर से निकला।

31. खूब * थोड़ा, कम

Much * Less

खूब / कम काम करो।

32. निजी * सरकारी,सार्वजनिक

Private * Govt

यह एक निजी / सरकारी कंपनी है।

33. देश * विदेश

Country * Abroad

ये देश विदेश के खिलाड़ी हैं।

34. स्वस्थ * अस्वस्थ

Healthy * Unhealthy

मैं स्वस्थ / अस्वस्थ हूं।

35. पूरा * आधा, अधूरा

Complete * Incomplete

पूरा काम करो / आधा अधूरा काम न करें।

36. साफ़ * गंदा

Neat * Dirty

यह सड़क साफ़ / गंदा है।

37. उत्तर * दक्षिण

North * South

मैं उत्तर / दक्षिण भारत मे रहता हूॅ।

38. पूर्व * पश्चिम

East * West

मैं पूर्व / पश्चिम भारत में रहता हूॅ।

39. उँचा * नीचा
High * Low
उँचे लोग नीचा काम नहीं करते।

40. सुंदर * कुरूप, बदसूरत
Beautiful * Ugly
वह सुंदर / कुरूप है।

41. अक्सर * कभी कभी
Often * At Times
वह अक्सर / कभी कभी खेलता है।

42. पहाड़ी * मैदानी
Hilly * Plains
यह पहाड़ी / मैदानी इलाका है।

43. सुविधा * असुविधा
Convenient * Inconveient
यहाॅ सुविधा / असुविधा कम है।

44. जल * थल
Water * Land
जल में मत बैठो / थल में बैठो।

45. अगला * पिछला
Next * Previous
अगली बैठक कब है / पिछली बैठक कब थी।

46. मेहमान * मेज़बान
Guest * Host
मैं यहाॅ मेहमान / मेज़बान हूं।

47. उपस्थित * अनुपस्थित
Present * Absent
मैं बैठक में उपस्थित / अनुपस्थित था।

48. अंतिम * पहला
Final * First
पहला / अंतिम उत्तर ठीक है।

49. प्रसन्नता * अप्रसन्नता
Happiness * Unhappy
मुझे प्रसन्नता / अप्रसन्नता हुई।

50. पुराना * नया
Old * New
यह घर नया / पुराना है।

51. आगमन * प्रस्थान
Arrival * Departure
गाडी के आगमन / प्रस्थान का समय क्या है।

52. आदर * अनादर
Respect * Disrespect
बड़ों का आदर करें / किसी का अनादर न करें।

53. भाग्य * दुर्भाग्य
Fortune * Misfortune
भाग्य अच्छा है / दुर्भाग्य से यह घटना घटी।

54. मुश्किल * आसान
Difficult * Easy
यह काम आसान / मुश्किल है।

55. पहले * बाद में
First * Later
पहले पढ़ो, बाद में लिखो।

56. शांति * अशांति
Peace * Restless
यहाँ शांति / अशांति है।

57. शत्रु * मित्र
Enemy * Friend
वह मेरा शत्रु / मित्र है।

58. प्रदूषण * साफ़ , स्वच्छ
Pollution * Clean
जल को प्रदूषित न करें।स्वच्छ पानी पिओ।

59. अमीर * गरीब
Rich * Poor
वह अमीर / गरीब है।

60. दुख * सुख, आनंद, उल्लास
Sad * Happiness
मित्र सुख दुख में साथ देते हैं।

61. आधुनिक * प्राचीन, पुरातन
Modern * Ancient
यह आधुनिक / प्राचीन मंदिर है।

62. संतोष * असंतोष
Satisfaction * Dissatisfaction
मुझे संतोष / असंतोष हुआ।

63. मान * अपमान

Respect * Disrespect

सभी का मान करें/ किसी का अपमान न करें।

64. जटिल * आसान

Complicated * Easy

यह जटिल / आसान काम है।

65. विशेष * सामान्य

Special * Ordinary

यह विशेष / सामान्य कार्यकम है।

66. शारीरिक * मानसिक

Physical * Mental

मुझे शारीरिक / मानसिक कष्ट हुआ।

67. बीमारी * तंदुरुस्ती

Illness* Healthy

राम को बीमारी है। तंदुरुस्ती केलिए पौष्टिक खाना खाना चाहिए।

सवाल और जवाब
TEXUAL QUESTION & ANSWERS

1. गोपाल वर्मा कौन है?

   गोपाल वर्मा हिंदी प्राध्यापक हैं।

2. कविता कहाँ काम करती है?

   कविता गृह मंत्रालय में काम करती है।

3. कविता किस पद पर काम करती है?

   कविता सहायक के पद पर काम करती है।

4. अहमद कहाँ काम करता है?

   अहमद केंद्रीय लोक निर्माण विभाग में काम करती है।

5. शीला किसके साथ रहती है?

   शीला राधा के साथ रहती है।

6. अहमद कहाँ कहाँ रहता है?

   अहमद तिलक नगर में रहता है।

7. दिनेश क्या करता है?

   दिनेश बी.ए में पढ़ता है।

8. शीला दोपहर का खाना कहाँ खाती है?

   शीला दोपहर का खाना केंटीन में खाती है।

9. शीला शाम को क्या सीखती है?

   शीला शाम को कम्प्यूटर सीखती है।

10. राधा कार्यालय कैसे जाती है?

राधा कार्यालय कार से जाती है।

11. शीला सुबह कितने बजे उठती है?

शीला सुबह छ्ह बजे उठती है।

12. सरला के पति कहाँ काम करती है?

सरला के पति पोलर कंपनी में मैनेजर है।

13. सरला की बेटियाँ क्या सीखती हैं?

सरला की बेटियाँ कंप्यूटर और संगीत सीखती हैं।

14. सरला की बेटियॉ कहाँपढ़ती हैं?

सरला की बेटियॉ जवाहर विद्यालय में पढ़ती हैं।

15. सरला की बेटियॉ संगीत सीखने कब जाती हैं?

सरला की बेटियॉ संगीत सीखने छः बजे जाती हैं।

16. श्री वर्मा किस कार्यालय में हैं?

श्री वर्मा दिल्ली हाई कोर्ट में हैं।

17. वरुण क्या - क्या सीखता है?

वरुण तैराकी और चित्रकारी सीखता है।

18. वरुण किस स्कूल में पढ़ता है?

वरुण मार्डन स्कूल में पढ़ता है।

19. गणेशन की पत्नी का नाम क्या है?

गणेशन की पत्नी का नाम लता है।

20. भूषण कौन है?

भूषण रमेश का बेटा है।

21. रमेशजी के घर कौन आए है?

रमेशजी के घर गोपाल और लता आए है।

22. भूषण कौन सा एलबम दिखाता है?

भूषण अपने जन्म दिन का एलबम दिखाता है।

23. गणेशन किसे जन्म दिन पर बुलाते है?

गणेशन रमेश, सीमा,और भूषण को जन्म दिन पर बुलाते है।

24. जन्मदिन का कार्यक्रम कितने बजे है?

जन्मदिन का कार्यक्रम सात बजे है।

25. रंगनाथन देरी से आने के लिए क्या कहते है?

रंगनाथन देरी से आने के लिए माफी मांगते है।

26. सुषमा किस बात पर खुश होती है?

जयश्री को स्वस्थ देखकर सुषमा खुश होती है।

27. पना किससे बनाया जाता है?

पना कच्चे आम से बनाया जाता है।

28. सुषमा को कौन सा व्यंजन पसंद है?

सुषमा को दक्षिण भारतीय व्यंजन पसंद है।

29. अरहर की दाल कहाँ ज़्यादा पसंद की जाती है?

अरहर की दाल उत्तर प्रदेश में ज़्यादा पसंद की जाती है।

30. ग्राहक ने क्या - क्या सामान खरीदा?

ग्राहक ने टूथ पेस्ट, साबुन,कपड़े धोने का पाउडर आदि सामान खरीदा।

31. हमाम साबुन के साथ क्या मुफ़्त मिलता है?

हमाम साबुन के साथ एक साबुनदानी मुफ़्त मिलता है।

32. कपड़े धोने का सबसे अच्छा पाउडर कौन - सा है?

कपड़े धोने का सबसे अच्छा पाउडर निरमा है।

33. दुकानदार के यहाँ क्या नहीं मिलता?

दुकानदार के यहाँ चाय नहीं मिलती।

34. गर्मी में लोग कहाँ जाना चाहते हैं?

गर्मी में लोग पहाड़ी स्थान पर जाना चाहते हैं।

35. कौसानी किसका जन्म स्थान है?

कौसानी कवि सुमित्रानंदन पंत का जन्म स्थान है।

36. भारत का स्विटजरलैंड किसे कहते हैं?

भारत का स्विटजरलैंड कोसानी को कहते हैं।

37. लेखक कोसानी कैसे जा रहे हैं?

लेखक कोसानी टैक्सी से जा रहे हैं।

38. लेखक अलमोडा किससे जा रहे है?

लेखक अलमोडा टैक्सी से जा रहे हैं।

39. पति - पत्नी अपने साथ क्या क्या चीज़ें ले जा रहे हैं?

पति - पत्नी अपने साथ स्वेटर, ऊनी शाल छतरी आदि चीज़ें ले जा रहे हैं।

40. मोहन को क्या तकलीफ है?

मोहन को बुखार और खांसी है।

41. डॉक्टर सी.जी.एच.एस डिस्पेन्सरी जाने की सलाह क्यों देते हैं?

एक्सरे लेने के लिए डॉक्टर सी.जी.एच.एस डिस्पेन्सरी जाने की सलाह देते हैं।

42. डॉक्टर साहब मोहन को क्या खाने - पीने को कहते हैं?

डॉक्टर साहब मोहन को फल, सब्जी,और दूध लेने को कहते हैं।

43. मोहन को दवाएँ कब - कब देनी है?

मोहन को दवाएँ चार - चार घंटे के अंतराल में देनी है।

44. आप किसका आँखों देखा हाल सुन रहे है?

हम भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे चौथे एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आँखों देखा हाल सुन रहे है।

45. भारत इंग्लैंड को कितने रनों का पीछा कर रहा है?

भारत इंग्लैंड के 325 रनों का पीछा कर रहा है।

46. लार्ड्स में कैसा दृश्य प्रतीत हो रहा है?

लार्ड्स में लघु भारत का दृश्य प्रतीत हो रहा है।

47. रेणु आजकल क्या सीख रही है?

रेणु आजकल चित्रकारी सीख रही है।

48. मीरा कौन-सा उपन्यास पढ़ रही है?

मीरा भीष्म साहनी का तमस उपन्यास पढ़ रही है।

49. मोहन कौन सी भाषा सीख रहा है?

मोहन बंगला भाषा सीख रहा है।

50. मोहन किसकी तैयारी कर रहा है?

मोहन संगीत प्रतियोगिता में भाग लेने की तैयारी कर रहा है।

51. सब लोग पिकनिक पर कब और कहाँ जाएँगे?

सब लोग पिकनिक पर अगले रविवार को सूरतकुंज जाएँगे।

52. सब लोग पिकनिक पर जाकर क्या क्या करेंगे?

सब लोग पिकनिक पर जाकर घूमेंगे खेलेंगे और गाना गाऍंगे।

53. मुखर्जी किस यूनिवर्सिटी से स्नातक हैं?

मुखर्जी नागपूर यूनिवर्सिटी से स्नातक हैं।

54. शार्टहैंड को हिंदी में क्या कहते हैं?

शार्टहैंड को हिंदी में आशुलिपि कहते हैं।

55. मुखर्जी विदेश क्यों नहीं जाना चाहते?

अपने पिताजी का स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण मुखर्जी विदेश नहीं जाना चाहते।

56. सब लोग किसकी शादी में जा रहे हैं?

सब लोग राजीव की शादी में जा रहे हैं।

57. महिला संगीत में क्या क्या होगा?

महिला संगीत में ढोलक बजेगी, गीत गाऍंगे,नाचेंगे और मेहंदी लगेगी।

58. अनु और पार्थ शादी में क्या क्या पहनेंगे?

शादी में अनु लहंगा पहेनेगी और पार्थ शेरवानी पहनेगा।

59. जूता छुपाई में क्या होता है?

जूता छुपाई में दूल्हे की सालियाँ दूल्हे के जूते को छिपा देती हैं और पैसे मिलने पर ही जूते देती हैं।

60. विदाई तक कौन कौन रुक रहा है?

विदाई तक मॉ - बेटी दोनों रुक रही हैं।

61. राघव छुट्टियों में कहाँ कहाँ गया?

राघव छुट्टियों में मैसूर और हैदराबाद गया।

62. हैदराबाद में इतनी हरियाली कैसे है?

वृक्षारोपण के कारण हैदराबाद में इतनी हरियाली है।

63. राघवन ने मैसूर में क्या क्या देखा?

राघवन ने मैसूर में महाराजा का पैलस, वृंदावन गार्डन,श्रीरंगपट्टणम आदि देखा।

64. श्रीरंगपट्टणम में देखने लायक क्या है?

टीपू सुल्तान का किला और श्रीरंगनाथ का मंदिर श्रीरंगपट्टणम में देखने लायक स्थान है।

65. मुंबई में बारिश कब होती है?

जून से अगस्त तक मुंबई में बारिश होती है।

66. मुंबई में बारिश के दिनों में आने जाने में असुविधा क्यों होती थी?

बारिश अधिक होने पर रेलवे लाइन पर पानी भर जाता था। बसें धीरे धीरे चलती थीं। इससे बहुत असुविधा होती थी।

67. लेखिका का परिवार पिकनिक मनाने कहाँ जाता था?

लेखिका का परिवार पिकनिक मनाने जुहू बीच जाता था।

68. दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला कब और कहाँ लगता है?

दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 14 नवंबर से प्रगति मैदान में लगता है।

69. इस मेले में किन किन देशों ने भाग लिया?

इस मेले में चीन, जापान, कोरिया आदि देशों ने भाग लिया।

70. कौन से पैवेलियन में इलैक्ट्रानिक सामान मिल रहा है?

जापानी पैवेलियन में इलैक्ट्रानिक सामान मिल रहा है।

71. जम्मू - कश्मीर के पैवेलियन में क्या - क्या मिल रहा था?

जम्मू - कश्मीर के पैवेलियन में कश्मीरी कढ़ाई के गरम सूट, शालें फर्नीचर आदि मिल रहा था।

72. बीरबल ने किस फूल को सबसे सुंदर बताया?

बीरबल ने कपास के फूल को सबसे सुंदर बताया।

73. पाठ में कौन - सा दूध सर्वश्रेष्ठ बताया गया है?

पाठ मे माँ के दूध को सर्वश्रेष्ठ बताया गया है।

74. बीरबल के अनुसार पान के पत्ते की क्या विशेषता है?

पूजा में काम आने के साथ रिश्तेदारों और मेहमानों का स्वागत पान से ही किया जाता है। यही विशेषता बीरबल ने बताई।

75. संसार में सबसे ज़्यादा मिठास किसमें है?

संसार में सबसे ज़्यादा मिठास ज़ुबान में है।

76. बीरबल ने सर्वश्रेष्ठ राजा किसे माना और क्यों?

बीरबल ने सर्वश्रेष्ठ राजा इंद्र को माना। क्योंकि इंद्र वर्षा के देवता है,वर्षा से ही जीव-जंतु जीवित रहते हैं।

77. लेखक ने जयपुर में क्या क्या देखा?

लेखक ने जयपुर में हवामहल,जंतर-मंतर आदि देखा।

78. राजपूतों की क्या विशेषता है?

अपनी आन बान और शान बनाए रखना राजपूतों की विशेषता है।

79. राजस्थान को पहले किस नाम से जाना जाता था?

राजस्थान को पहले राजपुताना के नाम से जाना जाता था।

80. रामदीन पटेल का घर कहाँ पर है?

रामदीन पटेल का घर रतनपुर गॉव में है।

81. नीम के पेड़ के नीचे कौन सी महिलाएँ बैठी थीं?

नीम के पेड़ के नीचे भाग्यलक्ष्मी,समृद्धि और शांति बैठी थीं।

82. सुशीला ने किस महिला को घर आने का निमंत्रण दिया?

सुशीला ने शांति को घर आने का निमंत्रण दिया।

83. सुशीला की सास किसे बुलाना चाहती थी?

सुशीला की सास समृद्धि को बुलाना चाहती थी।

84. सुशीला ने शांति को ही भोजन का निमंत्रण क्यों दिया?

सुशीला जानती थी कि शांति रहेगी तो सुख और समृद्धि अपने आप आ जाएगी। इसलिए उसने शांति को बुलाया।

85. जब फसल कटती है तो किसान क्या करते हैं?

जब फसल कटती है तो किसान नई फसल से पकवान बनाकर ईश्वर को भोग चढ़ाते हैं।

86. लोग खुशियाँ कब मनाते हैं?

त्यौहारों के आने पर लोग खुशियाँ मनाते हैं।

87. कौन गरीबों को दान देते हैं?

जो अमीर होते हैं वे गरीबों को दान देते हैं।

88. होली का त्यौहार कब आता है?

जब वसंत का मौसम शुरु होता है तब होली का त्यौहार आता है।

89. भारत के पड़ोसी देश कौन कौन से हैं?

पाकिस्तान, चीन, बंगला देश ,भूटान, नेपाल, श्रीलंका आदि देश भारत के पड़ोसी देश हैं।

90. भारत में कितने राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं?

भारत में 28 राज्य और 7 केंद्र शासित प्रदेश हैं।

91. त्यौहारों की विशेषताएँ बताइए?

त्यौहारों से भाईचारा, उत्साह और जीवन में नवीनता आती है।

92. भारत तीन तरफ से किससे घिरा हुआ है?

भारत तीन तरफ से समुद्र से घिरा हुआ है।

93. भारत में कौन कौन से धर्मों के लोग रहते हैं?

भारत में हिंदू,मुसलमान,ईसाई,बौद्ध,जैन आदि धर्मों के लोग रहते हैं।

94. भारत में क्षेत्रफल की दृष्टि से कौन सा राज्य सबसे बड़ा है?

भारत में क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान राज्य सबसे बड़ा है।

95. भारत में लगभग कितनी भाषाएँ बोली जाती हैं?

भारत में लगभग 650 भाषाएँ बोली जाती हैं।

96. औद्योगिक क्रांति के बाद हमारा जीवन कैसा हो गया है?

औद्योगिक कांति के बाद हमारा जीवन सुख - सुविधाओं से भर गया है।

97. सरकारी कर्मचारियों में क्या विशेषता होनी चाहिए?

सरकारी कर्मचारियों को अनुभवी,कार्यकुशल और निष्ठावान होना चाहिए।

98. दफ़्तर में काम को सुचारु रुप से चलाने के लिए हमारी सोच कैसी होनी चाहिए?

दफ़्तर में काम को सुचारु रुप से चलाने के लिए हमारी सोच सकारात्मक होनी चाहिए।

99. अपने साथियों और अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए?

अपने साथियों और अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अपनत्व और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए।

रिक्त स्थान भरें
FILL IN THE BLANKS

P.No 17

मुझे नई नई जगहें देखना **पसंद** है। घूमने के लिए समय और धन भी **चाहिए**। पहाड़ों पर जाने के लिए गरम कपड़े, विशेष जूते आदि **चाहिए**। मुझे पहाड़ों पर सूर्योदय तथा सूर्यास्त देखना बहुत **पसंद** है। पहाड़ों की सुंदरता को कैद करने के लिए मुझे एक अच्छा कैमरा **चाहिए**।

P.No 18

मोहन **का** मकान बहुत बड़ा है। उस मकान में पाँच **कमरे** हैं। पाँचों **कमरों** में कई - कई खिड़कियाँ और कई - कई अलमारियाँ हैं। मोहन **का** परिवार भी बड़ा है। उसके चार **लड़के** और तीन **लड़कियाँ** हैं। सबसे बड़े लड़के **का** कालेज दूर है, इसलिए वह हॉस्टल में रहता है। मोहन सब **लड़कों और लड़कियों** को अच्छी शिक्षा देना चाहता है।

P.No 33

इस समय शाम हो **रही** है। बच्चे मैदान में खेल **रहे** हैं। एक तरफ कुछ लड़के फुटबाल खेल **रहे** हैं। दूसरी ओर एक टीम क्रिकेट खेल **रही** है। मैदान में कुछ लड़कियाँ झूला झूल **रही** हैं। सब कुछ अच्छा लग **रहा** है।

P.No 39

मुझे तैरना अच्छी तरह **आता** है। मेरे दोस्त कहते हैं कि मैं आसानी से दो मील तैर **सकता** हूँ। इससे पहले मैं तैराकी प्रतियोगिताओं में इनाम **पा चुका** हूँ। एक बार हमारे कालेज में तैराकी प्रतियोगिता हुई। उस दिन मुझे बुखार था इसलिए मैं तैर नहीं **सका**। मैं सोचता हूँ कि शहर के कई खिलाड़ी मुझसे अच्छा तैर **सकते** हैं।

P.No 46

पिछले हफ़्ते हम एक जगह पिकनिक **पर** गए थे। उस जगह **का** नाम बरारा है।। वह आगरा **से** करीब दस किलोमीटर दूर है। उस गाँव **के** प्रधान **का** नाम ठाकुर सिंह है। उस गाँव **में** अंगूरों **का** बहुत बड़ा बाग है। अंगूरों **के** बाग **को** देखकर मुझे बड़ा आनंद आया।

P.No 59

मेरी पत्नी **ने** एक पर्स **पसंद किया।** बच्चे **ने** भी एक खिलौना **खरीदा।** रास्ते **में** हमने काँच **का** फूलदान **देखा।** वह मुझे बहुत **पसंद आया।** दुकानदार **ने** सौ रुपये दाम **बताया।** **मैंने** मोलभाव करके उसे पचास रुपये में **खरीद लिया।**

ब्रैकेट में दिए गए क्रियाओं की मदद से रिक्त स्थान को भरें
Fill In The Blanks With The Help Of The Verbs Given In Brackets

1. मैं आजकल हिंदी सीखता हूँ । (सीखना)

2. आज भी उन दिनों की बहुत याद आती है। (आना)

3. इसकी रिपोर्ट अभी तक क्यों नहीं मिली । (मिलना)

4. मैंने चाय नहीं पी। (पीना)

5. सुजाता टाइप नहीं कर सकती। (सकना)

6. अच्छा हो कि श्री गणेश भी बैठक में जाएँ। (जाना)

7. भगवान न करे कि गहने चोर के हाथ लगें। (लगना)

8. शीला का यह काम करना है / होगा। (होना)

9. शायद मैं वहाँ न जा पाऊँ। (पाना)

10. हम दोनों आजकल फिल्म नहीं देखते। (देखना)

11- क्या रंगनाथनजी जनवरी में बाहर जा रहे हैं। (जाना)

12. मोहन की लड़कियाँ शाम को घर लौटती हैं। (लौटना)

13. राजीव, रिपोर्ट माँ को भी दिखाओ। (दिखाना)

14. नौकर बाज़ार से सब्जी लाता है। (लाना)

15. मेहमानों को रात में परेशानी होगी। (होना)

16. रेड्डी हैदराबाद होकर तिरुपति गया। (होना)

17. शनिवार को हम चंडीगढ़ जाना चाहते हैं। (चाहना)

18. इससे पहले भी मैं कई बार दूर तक तैर चुका हूँ। (चुकना)

19. श्रीमती मोहन कालेज में पढ़ाती हैं। (पढ़ाना)

20. सरला और सीता एक ही स्कूल में नहीं पढ़तीं। (पढ़ना)

21. क्या आप मेरा निबंध पढ़ चुके हैं। (चुकना)

22. बच्चा ज़ोर से रोने लगा। (रोना)

23. सुनो, ज़रा नौकर को बुलाओ। (बुलाना)

24. सबेरे बच्चों को जल्दी उठना है। (उठना)

25. कल शाम को बच्चे मैदान में खेलेंगे। (खेलना)

26. क्या मेहमानों ने खाना खा लिया (खा लेना)

27. आज गाड़ी एक घंटा देर से आएगी। (आना)

28. साहब ने पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। (कर देना)

29. वे लोग दो-तीन दिन यहॅा रुकेंगे। (रुकना)

30. मैंने दुकानदार को पचास रुपए दिए। (देना)

31. अफ़सोस है कि हम शादी में नहीं आ सकेंगे। (आ सकना)

32. क्या आप आज का अखबार पढ़ चुके हैं। (पढ़ चुकना)

33. मेरा सुझाव है कि वरिष्ठ अधिकारी वहाँ जाएँ। (जाना)

34. क्यों न हम अधिकारियों से बात करें। (बात करना)

35. मैं चार तारीख से छुट्टी ले रहा हूँ। (लेना)

36. भगवान करे उसे नौकरी मिल जाए। (मिल जाना)

37. सरला कभी कभी पत्रिका पढ़ती है। (पढ़ना)

38. बाज़ार में आजकल चाय नहीं मिलती। (मिलना)

39. हमें चाहिए कि हम दफ़्तर समय पर आएँ। (समय पर आना)

40. हो सकता है कि वह घर लौट आए। (लौट आना)

41. मुझे विश्वास है कि वह आज कार्य ज़रूर पूरा कर लेगा।(पूरा कर लेना)

42. मैं चाहता हूँ कि आप परीक्षा में सफल हों।(सफल होना)

43. वे आज बैठक में उपस्थित नहीं हो सकेंगें। (हो सकना)

44. आप चाहे तो उपनिदेशक से बात कर सकते हैं। (बात करना)

45. सुरेश को किताब खरीदनी है। (खरीदना)

46. क्या आपने सभी चिट्ठियाँ पढ़ लीं। (पढ़ लेना)

47. मुझे कई पत्र भेजने हैं। (भेजना)

48. मुझे एक ज़रूरी पत्र लिखना है। (लिखना)

49. कृपया उद्यान से फूल न तोड़ें। (तोड़ना)

50. मुझे आज ज़रूरी फाइलें निपटानी है। (निपटाना)

51. मैं रोज़ समाचार पत्र पढ़ता हूँ। (पढ़ना)

52. बच्चों ने स्कूल का काम पूरा किया। (पूरा करना)

53. आपने उस चिट्ठी का क्या जवाब दिया (देना)

प्रबोध पाठमाला आधारित संक्षिप्त निबंध/पाठ सार

TEXTUAL ESSAYS

त्योहार

भारत त्योहार प्रधान देश है। सभी धर्मों के लोग बड़े उत्साह से त्योहार मनाते हैं। एक-दूसरे को शुभकामनाएं और उपहार देते हैं। अमीर लोग गरीबों को दान देते हैं। त्योहार जीवन में भाईचारा, उमंग और नवीनता लाते हैं। 'दीवाली' हिंदुओं, 'क्रिसमस' ईसाइयों और 'ईद' मुसलमानों का मुख्य त्योहार है। 'पोंगल और 'बैसाखी कृषि से संबंधित त्योहार हैं। होली वसंत के आगमन का त्योहार है।

भारत देश

भारत एक विशाल देश है। इसके तीन ओर समुद्र है और उत्तर में हिमालय है। पाकिस्तान, बंगलादेश, चीन, नेपाल, भूटान, बर्मा और श्रीलंका हमारे पडोसी देश हैं। इसमें 28 राज्य और 7 केन्द्र शासित प्रदेश हैं। दिल्ली भारत की राजधानी है। क्षेत्र की दृष्टि से राजस्थान सबसे बड़ा और गोवा सबसे छोटा राज्य है। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा आबादी है। सिक्किम में सबसे कम आबादी है।

भारत में कई नदियाँ हैं। गंगा सबसे बड़ी नदी है। भारत में लगभग 650 भाषाएं बोली जाती हैं। चेरापूँजी में सबसे अधिक वर्षा होती है। रामागुंडम सबसे गर्म स्थान है। भारत विविधता का देश है। इसलिए यहाँ अनेकता में एकता है।

पर्यावरण

पर्यावरण का अर्थ है अपने चारों ओर का वातावरण। पर्यावरण को हम लोग ही खराब करते हैं। जब पर्यावरण दूषित हो जाता है तब उसे प्रदूषण कहते हैं। प्रदूषण मुख्यतः तीन प्रकार का है - वायु, ध्वनि , और जल। पर्यावरण को साफ़ न रखने से या गंदा पानी पीने से पीलिया, हेपटाइटिस, मलेरिया आदि बीमारियाँ फैल सकती हैं। हमें प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल भी कम करना चाहिए क्योंकि प्लास्टिक कभी नष्ट नहीं होता और बरसों तक ऐसे ही रहता है।

बिहू पर्व

बिहू असम का मुख्य त्योहार है। वर्ष में तीन बार बिहू मनाया जाता है। पहला 'कंगाली बिहू' है।यह कार्तिक मास में मनाया जाता है। इस दिन तुलसी का पौधा लगाते हैं और अच्छी फसल की प्रार्थना करते हैं। 'भोगाली बिहू' नई फसल के कटने पर मनाया जाता है। पीठा नामक मिठाई बनाते हैं।धान के सूखे पौधों से ' भेला घर' बनाते हैं। सभी मिलकर नाचते-गाते और खाते-पीते हैं। फिर भेला घर को आग लगा देते हैं। 'बोहागी के समय युवक - युवतियाँ नाचते हैं और इसी समय विवाह भी तय किए जाते हैं। परिचितों को 'गमछा देते हैं। बिहू पर्व भारत की भावनात्मक एकता का प्रतीक है।

स्वदेशी और स्वभाषा के जनक गॉंधी जी

गॉंधीजी ने रंगभेद और अन्याय और अत्याचार का विरोध किया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया। गॉंधीजी और उनके अनुनायी इसके लिए कई बार जेल गए। जेल में ही उन्होंने पाया कि हिंदी ही भिन्न - भिन्न भाषा-भाषियों को जोड़ सकती है। देशवासियों का पैसा बचाने के लिए उन्होंने चर्खे पर सूत कातना आरंभ किया। उससे लोगों को रोजगार मिला, स्वाभिमान जागा। उनका विचार था कि स्वदेशी और स्वभाषा के प्रति सम्मान का भाव ही इस अमूल्य स्वतंत्रता को बनाए रख सकता है।

हिंदी का महत्व

मनुष्य भाषा से ही अपने विचारों को व्यक्त करता है। समाज को एकता के सूत्र में बाँधने का कार्य भाषा करती है। हिंदी देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। हिंदी ऐसी भाषा है जो आसानी से बोली और समझी जाती है। हिंदी अपनी शब्द संख्या बढ़ाने के लिए मुख्य रुप से संस्कृत से शब्द लेती है। बोलने वालों की संख्या के आधार पर हिंदी का विश्व में तीसरा स्थान है। संविधान के अनुच्छेद 343 में हिंदी को ही संघ सरकार के कामकाज की भाषा माना गया है।

पाँच प्रश्न

एक बार बादशाह अकबर दरबारियों की बुद्धि परीक्षा लेना चाहते थे। अत: उन्होंने पाँच प्रश्न किए। वे प्रश्न थे :-सबसे सुंदर फूल कौन सा है? किसका दूध सबसे पौष्टिक होता है? सबसे मीठी चीज़ क्या है? सबसे अच्छा पत्ता कौन सा है? सर्वश्रेष्ठ राजा कौन है? दरबारियों ने बादशाह को खुश करने के लिए तरह-तरह के जवाब दिए। किन्तु बीरबल चुप रहे। सबके उत्तर देने के बाद बीरबल ने जवाब दिया - कपास का फूल,जिससे कपड़ा बनता है, सबसे सुंदर है। माँ का दूध ही सर्वश्रेष्ठ होता है। वह ज़बान जिससे मीठे शब्द निकलते हैं -सबसे मीठी है। पान जो पूजा और स्वागत में काम आता है वही सर्वश्रेष्ठ पत्ता है। इंद्र जो बारिश से जीवनदान देते हैं वही सर्वश्रेष्ठ राजा हैं। उनके बुद्धिमत्तापूर्ण जवाब सुनकर अकबर खुश हो गए।

जयपुर की सैर

पिछले महीने लेखक सपरिवार जयपुर की सैर पर गए। जयपुर एक सुंदर जगह है। जयपुर से लगभग 14 किमी की दूरी पर आमेर का किला है। यह बहुत पुराना, सुंदर और बड़ा किला है। आमेर में शीशमहल देखने लायक है। शीशमहल के पास ही देवी का मंदिर है। मंदिर के पास बाज़ार है। हवामहल काफी सुंदर इमारत है। हवामहल के पास ही जंतर-मंतर है। यहॉ एक वेधशाला है। इसका निर्माण राजा जयसिंह ने किया।

रामनिवास बाग में कला संग्रहालय है। वहॉ सुंदर कलाकृतियॉ हैं। यहॉ जयपुर के राजा-महाराजाओं के कपड़े, अस्त्र -शस्त्र और चित्र हैं। राजस्थान को पहले राजपुताना कहा जाता था। राजस्थान अतिथि - सत्कार के लिए जाना जाता है। चौकी ढाणी राजस्थानी जीवन शैली का जीता जागता उदाहरण है।

मुम्बई की बारिश

मुम्बई एक सुंदर महानगर है। यहॉ ऊंची -ऊंची इमारतें, समुद्रतट तथा सुंदर पार्क भी हैं। मुंबई में जून से अगस्त माह तक खूब बारिश होती है। बारिश अधिक होने पर रेलवे लाइन पर पानी भर जाता है। बसें धीरे धीरे चलती हैं। खूब

असुविधा होती है, फिर भी लोग इस मौसम का आनंद उठाते हैं। श के दिनों में लोग पिकनिक पर जाते हैं। हाजी अली , जुहू बीच, चौपाटी का समुद्रतट, महालक्ष्मी का मंदिर आदि पर्यटन स्थल हैं। समुद्रतट पर होनेवाले सूर्यास्त का दृश्य अद्भुत होता है। इसे देखने बहुत से लोग आते हैं।

आतिथ्य

रतन पुर गाँव में मंदिर वाली सड़क पर रामदीन पटेल का घर था। रामदीन नौकरी से रिटायर हो चुके थे। उनका बेटा किसन की नौकरी पक्की नहीं है। उसकी शादी हो चुकी है। बहू का नाम सुशीला है। सब साथ रहते हैं। घर का खर्च मुश्किल से चलता है। घर के सामने नीम का पेड़ है जहाँ लोग छाया में विश्राम करते हैं। एक दिन सुशीला ने देखा की तीन महिलायें आकर नीम के पेड़ के नीचे बैठीं हैं उन्होंने कुछ खाया पिया नहीं है। सुशीला ने यह सब अपनी सास को बताया। सास ने उन्हें सादर घर में लाने के लिए कहा। सुशीला ने उन महिलाओं को घर आने क निमंत्रण दिया तो उन्होंने बताया कि उनमे से कोई एक ही उसके घर आ सकती है। असल में वे भाग्य लक्ष्मी, समृदधि और शांति थीं। सुशीला ने सास ससुर से जाकर पूछा तो उन्होंने भाग्यलक्ष्मी या समृद्धि में से किसी एक को घर लेन क निमंत्रण देने के लिए कहा। पर सुशीला ने बुद्धि से काम लिया और शांति को घर आने के लिए कहा तो शांति के साथ भाग्य लक्ष्मी और समृदधि भी उसके घर आ गईं।

सामान्य निबंध GENERAL ESSAY

मेरा शहर

चेन्नै बहुत बड़ा और सुन्दर शहर है। यह तमिलनाडू प्रांत की राजधानी है। यहॉ अनेक मंदिर और कार्यालय हैं। मेरिना बीच यहाँ का सुंदर समुद्रतट है। चेन्नै की बस सेवा बहुत अच्छी है। चेन्नै सेंट्रल स्टेशन यहॉ का बड़ा स्टेशन है। यहॉ हवाई अड्डा तथा बहुत बड़ा बंदरगाह भी है। चेन्नै के आसपास महाबलीपुरम, कॉंचीपुरम आदि ऐतिहासिक स्थल हैं।

त्योहार - दीवाली / दीपावली

दीवाली हिंदुओं का मुख्य त्यौहार है। यह अक्टूबर या नवंबर के महीने में मनाई जाती है। इस दिन सभी लोग नए कपड़े पहनते हैं , आतिशबाजी करते हैं, एक दूसरे को मुबारकबाद देते हैं। सभी घरों में मिठाई बॉटी जाती है। शाम को लक्ष्मी पूजन किया जाता है। व्यापारी लोग नए बही खाता खोलते हैं। उत्तर भारत के लोग दीप जलाकर इस त्योहार को मनाते हैं। उनका मानना है कि इसी दिन भगवान श्रीराम वनवास से लौटे थे।दीवाली खुशियों का त्योहार है।

मेरा कार्यालय

मैं बी एस़ एऩ एल में काम करता हूँ यहॉ लगभग 400 कर्मचारी काम करते हैं। मेरा कार्यालय काफी बड़ा, साफ़ और सुंदर है। कार्यालय के कर्मचारी मेहनती हैं। चेन्नै के हर क्षेत्र में मेरे कार्यालय की शाखाएं हैं। शहर के लोगों को संचार के माध्यम से एक दूसरे से जोड़ना हमारे कार्यालय का काम है। कार्यालय के कर्मचारियों के लिए एक पुस्तकालय, कैंटीन, डाकघर, भंडार, शिशुविहार आदि है। मुझे अंपना कार्यालय बहुत पसंद है।

मेरा परिवार

मेरा परिवार छोटा और सुखी परिवार है। मेरे परिवार में तीन लोग हैं -मैं, मेरी पत्नी और मेरा लड़का। मैं विजया बैंक में काम करता हूँ।मेरा लड़का शंकरा विद्यालय में सातवीं कक्षा में पढ़ रहा है। मेरी पत्नी बी एस़ एऩ एल में काम करती है। मेरा कार्यालय अड्यार में है और मेरी पत्नी का बेसंट नगर में। हमारा घर तिरुवान्मियूर में है। मैं अपनी पत्नी को पहले उसके कार्यालय में छोड़कर फिर अपने कार्यालय जाता हूँ। मेरा लड़का हमेशा अपनी कक्षा में अव्वल आता है। भगवान की कृपा से हम संतुष्ट जीवन बिता रहे हैं।

मेरी दिनचर्या

मैं रोज़ छह बजे उठता हूँ। काफी पीने के बाद अंखबार पढ़ता हूँ। फिर थोड़ी देर कसरत करता हूँ। उसके बाद स्नान करके पूजा करता हूँ। आठ बजे नाश्ता करने के बाद दफ़तर के लिए निकलता हूँ।। दफ्तर में बहुत काम रहता है। उसे पॉच बजे तक खत्म करता हूँ।फिर घर पहुंचता हूँ।चाय पीने के बाद बच्चों की पढ़ाई में मदद करता हूँ। साढ़े आठ बजे दूरदर्शन समाचार सुनता हूँ। रात का खाना खाने के बाद दस बजे सोने चला जाता हूँ। यही मेरी दिनचर्या है।

मेरा गाँव

मेरे गॉव का नाम रामपुरम है। यह चेन्नै के पास है। यहॉ के लोग सीधे-सादे हैं तथा खेतीबाड़ी करते हैं। इस गॉव में करीब 300 लोग रहते हैं। यहॉ प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकन्डरी स्कूल हैं।गॉव में एक बहुत बड़ा शिव मंदिर भी है। बिजली,टेलीफोन और अन्य आधारभूत सुविधाएं हमारे गॉव में उपलब्ध है। यहाँ प्रदूषण बिल्कुल नहीं है। हम सब शांति से रहते हैं।